# लगातार सफेद बाघों की मौत ने सफारी की व्यवस्था पर खड़े किए सवाल

## पुनर्वास केन्द्र के नाम पर विकसित मुकुन्दपुर सफारी में बीते नौ साल में कोई नाम सफेद बाघ पैदा नहीं हुआ

नवभारत न्यूज

**सतना, 20 अगस्त. दुनिया के सफेद बाघों की सरजमी में अब से नौ बरस पहले बड़ी उम्मीदों के साथ सफेद बाघों के पुर्नवास व नस्ल सुधार की दृष्टि से तब के सतना जिले के मुकुन्दपुर में ओपन टाइगर सफारी बनाई गई थी.इस सफारी के निर्माण से अब तक जब भी कोई जानकारी आयी उसने मायूस किया.अब तक दो सफेद बाधिन और एक बाघ के अन्तिम संस्कार चिता सजा चुके सफारी परिसर में से कभी कोई खुशखबरी नहीं आयी.**

गौरतलब है कि सफेद बाघों के नस्ल सुधार और उनकी जैविकीय परिस्थितियों को बेहतर बनाने की दृष्टि शोध केन्द्र के रूप में विकसित इस केन्द्र में शोध के नाम पर अब तक क्या? किया गया यह बताने का कभी कोई प्रयास नहीं किया गया.यह भी जानकारी कभी प्रकाश में नहीं आयी की सफेद बाघों की संतति वृद्धि में अनुकूलता के बाद कोई उपलब्धि दर्ज नहीं हुई.लम्बी चौडी अधिकारियों,कर्मचारियों की फौज वाले इस सफारी के नाम पर जो जानकारी सार्वजनिक की जाती है.उसमें यही बताया जाता है कि प्रतिवर्ष यहां पहुचने वाले पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है.और आमदनी का आंकडा लाखों से करोडों में पहुच रहा है.इन परिस्थितियों में जानकार यह महसूस करने लगे हैं कि प्रबंधन अपने मूल उद्धेश्य से भटक गया है.यह वजह है कि सब कुछ की अनुकूलता के बावजूद अभी तक बीते नौ सालों में कोई बडी उपलब्धि दर्ज नहीं हुई है.



### सिर्फ व्यवसायिक गतिविधियां

सफारी बनने के साथ ही क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों की बाढ़ सी आ गई है .देश के नामी गिरमी घरानों ने भी लाखों करोडो का निवेश मुकुन्दपुर के आसपास किया है .स्थानीय लोगों का कहना है कि बाहर लोगों की आमद क्षेत्र में काफी रहती है .लोग आसपास के रिसार्ट में रूक कर पार्टी व व्यक्तिगत उत्सवों का आयोजन करते हैं .कभी देर रात तक तेज स्वरों में गीत संगीत बजता रहता है .जबकि इस प्रकार के केन्द्रों के आसपास की गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कुछ मापदण्ड तय किए गए हैं .जिनका पालन करना स्थानीय प्रशासन व सफारी प्रबंधन का दायित्व है .इसकी भी खुलकर अनदेखी की जा रही है .

### विन्ध्या को पाकर मन गदगद हो गया

मुकुन्दरपुर में टाइगर सफारी बनने के बाद वर्षों बाद सफेद बाघ की धरती में जब विन्ध्य के कदम पड़े तो सभी के बीच उत्सवी माहौल था .यह भी लग रहा था कि अब एक बार फिर विन्ध्य की धरती उनकी संतति से आवाद होगी .पर यह खुशी तब समाप्त हो गई जब बिना जैनेटिक साइंस के अध्यन के उसकी मीटिगं करने का प्रयास किया गया .दो बाघों के बीच हुए संघर्ष में उसे इतने घाव लगे कि अन्त में उसे इस दुनिया से ही विदा लेने के लिए मजबूर होना पडा .बाद में बाधिन राधा की मौत का कारण भी बीमारी का होना बताया गया .अब सफेद बाघ टीपू की मौत के बाद कहा जा रहा है कि उसे 2023 में जब लाया गया था .तभी से उसकी कुछ अस्वस्थता के लक्षण दिखाई दिए थे .दिल्ली के चिडियाघर से लाए गए टीपू की मौत के पीछे विशेषज्ञ किडनी का फेल होना बता रहे है .प्रश्न अब भी वही है कि विशेषज्ञों की जांच पडताल के बाद जंगली जीवों का स्थानातरण किया जाता है .फिर ऐसा क्यों हुआ?

# कबाड़ कारोबारियों के यहां पुलिस टीम की एक साथ दबिश

## आईजी के निर्देश पर हुई कार्रवाई, कई कबाड़ दुकानों से पार्ट्स समेत अन्य सामग्रियां जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 20 अगस्त। पुलिस महानिरीक्षक रेंज रीवा के सख्त निर्देश के बाद जिले के पुलिस ने अपने-अपने थाना व चौकी क्षेत्र के अवैध कबाड़ कारोबारियों के अड्डो पर दबिश दी। जहां कई कबाड़ियों के यहां से वाहनों व मशीनों के पार्ट्स तथा अन्य सामग्रियां जप्त कर स्टॉक रजिस्टर, जीएसटी बिल एवं अन्य दस्तावेजों का पड़ताल कर जांच कर रही है।**

दरअसल जिले के कई थाना व पुलिस चौकी क्षेत्र में कबाड़ कारोबारियों का इतना दबदबा हो गया है कि एनसीएल के खदानों में गैंग बनाकर हमला करते हुये निजी सुरक्षा गार्डो का घायल कर मशीनों के पार्ट्स उठा ले जाते हैं। ऐसी घटनाएं आये दिन हो रही हैं। वही क्षेत्र में अवैध कबाड़ की दुकाने भी संचालित हो रही हैं। जिसकी शिकायत आईजी रीवा तक पहुंची थी। उक्त मामले को आईजी ने गंभीरता से लेते हुये संबंधित थाना व पुलिस एवं चौकियों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि एक साथ पुलिस टीम दबिश देकर कार्रवाई करे और गोपनियता किसी भी हालत में भंग नही होनी चाहिए। संबंधित



थाना क्षेत्र की पुलिस ने अवैध कबाड़ दुकानों में दबिश देकर भारी मात्रा में सामग्री जप्त की है।

**भूसामोड़ के गोदाम से 7 हाईवा वाहन के रिम बरामद**-जानकारी के अनुसार मोरवा पुलिस ने भूसामोड़ स्थित गिरीश गुप्ता के गोदाम में दबिश देकर 7 हाईवा गाड़ी के लोहे के रिम, हाईवा गाड़ी का कमानी सेट जिसमें 14 लोहे की पट्टियाँ लगी हुई कुल कीमत लगभग 1 लाख 85 हजार रूपये, चौकी गोरबी क्षेत्र में एक पुराना समरसिबल विद्युत पम्प, रंगीन मोटर पंखा, चार पहिया वाहन का पुराना रेडिएटर कुल कीमत लगभग 15 हजार 500 रूपये का जप्त की है। वही सरई पुलिस ने फेसिंग जाली, फोटो कॉपी मशीन, कार के 3 दरवाजे, लोहे की सरिया, 100 रिंग, कार की बैटरी, कार का रिम, वाहन का कमानी, समर्सिबल मशीन, सेट्रिंग प्लेट, विद्युत केबल व अन्य सामग्री कुल कीमत लगभग 50 हजार रूपये का बरामद की है।

### बरगवां थाना क्षेत्र से तांबा एवं एल्युमिनियम के तार बरामद

इधर थाना बरगवां पुलिस ने 2 साइकिल, 1 साइकिल का फ्रेम, बोरिंग मशीन का बीट, हाईवा का प्रेशर ब्रेक, तांबा एवं एल्युमिनियम के तार बरामद किया गया है। इसके अलावा थाना जियावन क्षेत्र में संचालित कबाड़ की दुकानों पर पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही की गई। जांच के दौरान विभिन्न कबाड़ की दुकानों से करीब 20 हजार मूल्य का कबाड़ बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद समस्त सामग्री प्रथम दृष्टया चोरी की संपति प्रतीत होने से संबंधित धाराओं के अंतर्गत जप्त कर थाना लाया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है एवं अग्रिम विवेचना जारी है।

# उर्वरक नहीं बांटने वाली समितियों को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सतना 20 अगस्त. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने अबेर, कोटर एवं रामपुर बघेलान तहसील की समितियों में खाद पहुंचने के बाद भी गत तीन दिनों से वितरण नहीं करने की शिकायत को गंभीरता से लिया है।**

उन्होंने उप पंजीयक सहकारिता को ऐसी सभी समितियों को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि सुनिश्चित करें कि कल तक जिन समितियों में खाद का स्टाक उपलब्ध है वे किसानों को खाद का वितरण अविलम्ब रूप से कराये।


**नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
एन एफ एल NFL A Navratna Company
A-A/2] कार्यालय परिसर, गौतम नगर, भोपाल पिन- 462023(M.P.)
मोबाइल नंबर 9314397368, 9308602193

भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित बीज प्रसंस्करण इकाइयों से मध्य प्रदेश राज्य में रबी–2025–26 में विपणन के लिए गेहूं के नए प्रमाणित बीजों की आपूर्ति के लिए ई–निविदा आमंत्रित करने संबंधित सूचना।

ई– निविदाओं को जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक **01.09.2025 को 15.00 बजे** तक है। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.nationalfertilizers.com & www.etenders.gov.in/eprocure/app** वेबसाइट देखें। किसी भी शुद्धिपत्र / संशोधन को केवल एनएफएल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**आंचलिक प्रबंधक, भोपाल**


# सड़क हादसे में बाइक सवार एक की मौत

## तीन गंभीर तौर पर घायल



नवभारत न्यूज

**सतना 20 अगस्त. जिले के मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़े देव आश्रम के समीप हुए सड़क हादसे में जहां बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर तौर पर घायल हो गए.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मझगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत हिरौंदी-कैलाशपुर मार्ग पर बड़े देव आश्रम के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई. जिसके चलते बाइक सवार चार लोग बुरी तरह घायल होकर बेसुध हो गए. घटना होती देख आस पास के लोगों ने फौरन ही पुलिस व एंबुलेंस को सूचित किया. मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को उपचार के लिए मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. जहां पर जांच करने पर एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि तीनों घायलों को भर्ती कर उपचार शुरु किया गया. घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

### झाड़ियों में मिला शव

जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र अंतर्गत राघव प्रयाग घाट के समीप स्थित झाड़ियों में एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई . सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मर्चुरी में भेज दिया . पुलिस द्वारा आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए मृतक के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया . लेकिन वहां पर मौजूद कोई भी व्यक्ति मृतक वद्ध को पहचान नहीं सका . जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है .

# शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस की नकली आईजी, चाकू हुआ बरामद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अगस्त, नकली पुलिस बनकर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाले आरोपी को सेमरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जिसके पास से चाकू, नकली पिस्टलनुमा लाइटर, फर्जी आधार कार्ड, नकली पुलिस की आईडी आदि जप्त किया गया है. पूंछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया.**

13 अगस्त को फरियादिया पीडिता व्दारा अनुराग सेन निवासी देहरादून उत्तराखंड के व्दारा उसके साथ शादी का झाँसा देकर जबरजस्ती बलात्कार करने एवं विरोध करने पर फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने संबंधी रिपोर्ट थाना सेमरिया में दर्ज कराई. पीडिता की रिपोर्ट पर थाना सेमरिया में दुष्कर्म सहित आईटी एक्ट की धाराओ के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. विवेचना के दौरान आरोपी की पतारशी की गई तो सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी कथित अनुराग सेन नामक व्यक्ति ग्राम कुम्हरा मे है. जिस पर टीम भेजकर संदेही को पकड़ा जाकर थाना लाया गया. जिससे पूछताछ की गई तो बताया कि अपनी पहचान छुपाने के लिये आधारकार्ड अनुराग सेन के नाम से एडिट कर पीड़िता को भेजा तथा स्वयं को पुलिस का कर्मचारी बताकर शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ कई बार बलात्कार किया. आरोपी के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड, नकली पुलिस की आईडी कार्ड, नकली पिस्टलनुमा लाइटर, लोहे का चाकू जप्त की गई एवं आरोपी अनुराग सेन उर्फ अर्जुन कुमार पिता रामफेर उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम बीरपुर रोड़ मनकापुर जिला गोंड़ा उत्तरप्रदेश हाल 11 मोहिनी रोड़ उत्तराखण्ड जिला देहरादून उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया. पूंछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया.

### 6 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

वही दूसरी कार्यवाही में सेमरिया पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को 6 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया है . 19 अगस्त को फरियादिया पीडिता व्दारा प्रशांत शर्मा निवासी ग्राम बींडा के व्दारा उसके साथ जबरजस्ती बलात्कार करने एवं विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने संबंधी रिपोर्ट थाना सेमरिया में लेख कराई . पीडिता की रिपोर्ट पर थाना सेमरिया में दुष्कर्म सहित मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी प्रशांत शर्मा को गिरफ्तार किया गया . जिसे पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया किया गया . आरोपी के पूर्व से थाना सेमरिया 03 अपराध पंजीबद्ध हैं .


**इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी**
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहिर ई-निविदा सूचना क्र. ९/२०२५-२०२६**

पाणी पुरवठा विभागाकडील माझी वसुंधरा ४.० अंतर्गत मियावॉकी/घनदाट जंगल विकसीत करणे तसेच सोलार पॅनेल बसविणे इत्यादी तदअनुषंगीक कामे करणेची जाहिर ई-निविदा क्रं. ९/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. २१/०८/२०२५ रोजी स. ११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

जा.क्रं. पा.पु.वशि.१५७८/२०२५ — **सही/-**
महानगरपालिका कार्यालय — **उपायुक्त**
दि. २०/०८/२०२५ — **इचलकरंजी महानगरपालिका**



**दानशुर व्यक्तींना मदतीचे आवाहन**

सिल्लोड व सोयगांव तालुक्यातील सर्व विद्यार्थी व विद्यार्थिनींच्या सेवार्थ इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ फर्दापुर ता. सोयगांव जि. छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद) तर्फे सेवार्थ शाळा इमारत बांधकाम, महाविद्यालय इमारत बांधकाम तसेच वस्तीगृह इमारत बांधकाम व इतर आनुषंगिक कामांच्या मदतीसाठी कंपन्या, खाजगी कंपन्या, संस्था आणि दानशुर व्यक्तींनी सढळ हाताने मदत करावी, ही नम्र विनंती.

**चेक, डीडी, NEFT, IMPS, UPI व RTGS द्वारे संस्थेच्या खालील बँक खात्यात देणगी स्विकारली जाईल.**

| | |
|---|---|
| **बँक खात्याचे नांव** | : इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ |
| **बँक खाते क्र.** | : 39173093422 |
| **बँकेचे नाव** | : स्टेट बँक ऑफ इंडिया |
| **शाखा** | : सिल्लोड ता. सिल्लोड |
| **IFSC कोड** | : SBIN0020015 |
| **संस्था 12A नोंदणी क्र.** | : AABTI2645C24PN01 |
| **संस्था 80G नोंदणी क्र.** | : AABTI2645C24PN02 |

**CSR फंडसाठी**
**बँक खाते क्र. 44392844439**
**IFSC कोड :** SBIN0020015
**बँकेचे नाव व शाखा : स्टेट बँक ऑफ इंडिया, सिल्लोड**

**सौजन्य : सर्व सन्माननीय कार्यकारी मंडळ, इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ फर्दापुर ता. सोयगांव जि. छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद)**


# निगमायुक्त ने क्षतिग्रस्त डीआई पाइप को कराया ठीक

▸ दो दिन से ठप रही जलापूर्ति

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 20 अगस्त। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 41 आईएचएसडीपी कॉलोनी गेट बलियरी रोड के पास 500 एमएम व्यास की डीआई पाईप राईजिंग मेन क्षतिग्रस्त होने से पिछले 24 घंटे से जलापूर्ति ठप रही। निगमायुक्त सविता प्रधान ने आज स्वयं खड़े होकर क्षतिग्रस्त पाईप को ठीक कराते हुये जलापूर्ति के लिए प्रयास की हैं।**

जानकारी के अनुसार निगमायुक्त ने क्षतिग्रस्त डीआई पाईप स्थल पहुंच अवलोकन की और जब तक डीआई पाईप राइजिंग मेन ठीक नही हो गया, तब तक कार्य स्थल पर मौजूद रही। कार्य पूर्ण होने के बाद ननि आयुक्त ने निर्देशित किया जलापूर्ति शीघ्र प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के नगर एवं शहर वासियों के लिए सदैव तत्पर हैं। इस दौरान उन्होंने ननि अधिकारियों से जलापूर्ति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुये जानकारी हासिल की। इस दौरान सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, एसएन द्विवेदी भी मौजूद रहे।



### युवा संगम मेला का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आज मैहर में

**मैहर 20 अगस्त.** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सतना एवं शासकीय आईटीआई मैहर के सहयोग से 21 अगस्त को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज सरला नगर रोड कृषि उपज मण्डी के पास मैहर में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में चैतन्य फायनेंस, संजीव मोटर्स आमधने प्राइवेट लिमिटेड, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, प्राकृतशील एग्रोटेक, देवा इंटरप्राइजेज, मदरशन सूमि, रेमण्ड गेमटिंग, इंनफिनिटी कैरियर सोल्यूशन, सेफइंटेलीजेंट सिक्योरिटी, भारत वायर रोप्स, इंटेक्स ट्रांसपोर्टेशन एमाजॉन एवं मारूति सुजुकी आदि कंपनियां भाग लेंगी.

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आज उचेहरा में

**सतना 20 अगस्त.** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी देने तथा उनकी समस्याये सुनने के लिये 21 अगस्त को प्रात: 11.30 बजे तहसील उचेहरा में उपस्थित रहेंगे। जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।


# कलेक्टर ने की चित्रकूट विकास के कार्यों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सतना 20 अगस्त. कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बुधवार को चित्रकूट पहुंचकर नगर परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में एसडीएम, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा नगरीय निकाय अधिकारियों की बैठक लेकर चित्रकूट के विकास के चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति और प्रस्तावित विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा की।**



इस मौके पर एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकित सोनी भी उपस्थित रहे। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने अधिकारियों के साथ चित्रकूट में चल रहे विकास कार्यों तथा कामदगिरि परिक्रमा में किये जा रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया।

**स्वामी विवेकानंद कॉलेज, पन्ना**
डी फार्मा – योग्यता – 12वी (गणित/विज्ञान)
कॉलेज लेवल पंजीयन प्रारंभ
संपर्क करें:- मोबाइल- 7999404729, 8103282168


# कमिश्नर ने किया मैहर अस्पताल और मत्स्य प्रक्षेत्र पोड़ी का भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सतना 20 अगस्त. कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने बुधवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पोडी, मैहर और सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने मत्स्य बीज उत्पादन की जानकारी ली और स्पान, फ्राई मत्स्य बीज वितरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए।**



कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने एशिया के सबसे बड़े मत्स्य प्रक्षेत्र मैहर जिले के पोडी मत्स्य प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर बंगला बांध, एक्यूबेशन पूल, पैकिंग स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने हैचरी में मत्स्य बीज उत्पादन की प्रक्रिया, मत्स्य बीज पैकिंग की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। मत्स्य बीज प्रक्षेत्र के सहायक संचालक सुरंजन सिंह ने बताया कि इस वर्ष मत्स्य बीज उत्पादन के लक्ष्य 42 करोड़ के विरुद्ध 32 करोड़ मत्स्य बीज वितरण की पूर्ति कर ली गई है। इसी प्रकार स्पान, फ्राई वितरण के लक्ष्य 225 लाख फ्राई के विरुद्ध 66 लाख मत्स्य बीज स्पान, फ्राई का वितरण कर लिया गया है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कलेक्टर मैहर रानी बाटड, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम दिव्या पटेल, तहसीलदार जितेन्द्र पटेल, सहायक संचालक मत्स्य उद्योग प्रक्षेत्र पोडी सुरंजन सिंह, सहायक संचालक मत्स्य अंजना सिंह भी उपस्थित रहे।


**राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान**
(समविश्वविद्यालय, विशिष्ट श्रेणी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002 (म.प्र.), वेबसाईट : www.nitttrbpl.ac.in

विभिन्न स्कूल/विभाग के अंतर्गत शिक्षार्थी केंद्रित पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सेवारत शिक्षकों, कार्यरत पेशेवरों / उद्योग कर्मियों एवं उत्साही शिक्षार्थियों जो भविष्य में नेतृत्व प्रदान कर सके, से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**पीजी प्रवेश**

**एमबीए**

| | |
|---|---|
| स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज | मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट) |

**एम.टेक और एम.एससी.**

| स्कूल | प्रोगाम विशेषज्ञता |
|---|---|
| स्कूल ऑफ साइंस | एम.एससी. बायोफार्मास्युटिकल साइंस |
| | एम.एससी. फिजिक्स (सेमीकंडक्टर साइंस एंड टेक्नोलॉजी) |
| स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी | एम.टेक. ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट |
| | एम.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (बिग डेटा एनालिटिक्स) |
| | एम.टेक. ग्रीन टेक्नोलॉजी |
| | एम.टेक. वीएलएसआई एवं माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स |
| | एम.टेक. कंप्यूटर एडेड डिज़ाइन मैन्युफैक्चर एंड ऑटोमेशन |

❖ **सभी पीजी कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण में आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय हैं और भविष्य के लिए आवश्यक कौशल के विकास हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से एकीकृत हैं।**

- आरक्षण भारत सरकार के मानदंडो के अनुसार।
- महत्वपूर्ण जानकारी, निर्देश, तिथि एवं आवेदन आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बेवसाइट www.nitttrbpl.ac.in को नियमित रूप से देखें।
- प्रश्न/जानकारी के लिए कॉल करें मो. 8005725558, 9424614502

**निदेशक**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99